इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके युद्धकाण्डमें बाईसवाँ सर्ग समाप्त ॥२२॥

त्रयोविंशः सर्गः ।

(श्रीरामस्य लक्ष्मणसमीपे दुर्लक्षणानां वर्णनम् ।)

निमित्तानि निमित्तज्ञो दृष्ट्वा लक्ष्मणपूर्वजः ।
सौमित्रिं सम्परिष्वज्य इदं वचनमब्रवीत् ॥१
परिगृह्योदकं शीतं वनानि फलवन्ति च ।
बलौघं संविभज्येमं व्यूह्य तिष्ठेम लक्ष्मण ॥२
लोकक्षयकरं भीमं भयं पश्याम्युपस्थितम् ।
प्रबर्हणं प्रवीराणामृक्ष-वानर-रक्षसाम् ॥३

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

अथ रामस्य घोरनिमित्तदर्शनमाह,—निमित्तानीति । वक्ष्यमाणानीत्यर्थः ॥१॥

संविभज्य व्यूह्य ऋक्षगोलांगूलवानरविभागं कृत्वा तस्य व्यूहं च कृत्वेत्यर्थः ॥२॥

भयं भयनिमित्तम् ॥३॥

[श्रीरामका लक्ष्मणसे उत्पातसूचक लक्षणोंका वर्णन एवं लंकापर आक्रमण ।]

शुभाशुभ शकुनोंको जाननेवाले लक्ष्मणके बड़े भाई श्रीरामने सामयिक शकुनोंको देखकर सुमित्रानन्दन लक्ष्मणका आलिङ्गन करके कहा—॥१॥

लक्ष्मण ! जहाँ शितल जल और फलोंसे युक्त वन हो, उन स्थानोंका आश्रय लेकर हम अपने सेनाको व्यूह रचना करके ठहराना चाहिये ॥२॥

क्योंकि इस समय संसारको क्षय करनेवाले उपस्थित भय देख रहा हूँ । इससे जान पड़ता है कि वानर, ऋक्ष और राक्षसोंका बड़ा भारी विनाश होगा ॥३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाताश्च कलुषा वान्ति कम्पते च वसुन्धरा ।
पर्वताग्राणि वेपन्ते पतन्ति च महीरुहाः ॥४

मेघाः क्रव्यादसङ्काशाः परुषाः परुषस्वनाः ।
क्रूराः क्रूरं प्रवर्षन्ति मिश्रं शोणितबिन्दुभिः ॥५

रक्तचन्दनसङ्काशा सन्ध्या परमदारुणा ।
ज्वलतः प्रपतत्येतदादित्यादग्निमण्डलम् ॥६

दीना दीनस्वराः क्रूराः सर्वतो मृगपक्षिणः ।
प्रत्यादित्यं विनर्दन्ति जनयन्तो महद्भयम् ॥७

रजन्यामप्रकाशस्तु सन्तापयति चन्द्रमाः ।
कृष्णरक्तांशुपर्यन्तो लोकक्षय इवोदितः ॥८

ह्रस्वो रूक्षोऽप्रशस्तश्च परिवेषस्तु लोहितः ।
आदित्ये विमले नीलं लक्ष्म लक्ष्मण दृश्यते ॥९

रजसा महता चापि नक्षत्राणि हतानि च ।
युगान्तमिव लोकानां पश्य शंसन्ति लक्ष्मण ॥१०

काकाः श्येनास्तथा नीचा गृध्राः परिपतन्ति च ।
शिवाश्चाप्यशुभान् नादान् नदन्ति सुमहाभयान् ॥११

शैलैः शूलैश्च खड्गैश्च विमुक्तैः कपिराक्षसैः ।
भविष्यत्यावृता भूमिर्मांसशोणितकर्दमा ॥१२

क्षिप्रमद्यैव दुर्धर्षां पुरीं रावणपालिताम् ।
अभियाम जवेनैव सर्वैर्हरिभिरावृताः ॥१३

कलुषा रजोव्याप्ताः ॥४॥

क्रव्यादसंकाशाः गृध्रगोमायुश्येनादिसदृशास्तद्वद्धूसरवर्णाः । अतएव परुषाश्चक्षुरुद्वेजकाः ॥५-६॥

प्रत्यादित्यं सूर्यसम्मुखम् ॥७॥

चन्द्रमाः सन्तापयति । सोष्णकिरण इत्यर्थः । कृष्णरक्तेत्यादिना परिवेषविशेष उक्तः ॥८॥

ह्रस्वत्वादिगुणकः परिवेष आदित्ये दृश्यते ॥९॥

नक्षत्राणि हतानीति रात्रिकाल इति शेषः ॥१०॥

महाभयान् महाभयजनकान्नादान् ॥११॥

अधुना दृश्यमाननिमित्तानां फलमाह शैलैरित्यादि ॥१२-१३

बहुत तेज हवा चल रही है, पृथ्वी काँप रही है, पर्वतके अग्रभाग कम्पित हो रहे हैं और वृक्ष गिर रहे हैं ॥४॥

मांसभक्षी राक्षसोंके समान अत्यन्त क्रूर मेघ कठोर गर्जना कर रहे हैं। ये क्रूरतापूर्वक रक्तबिन्दुसे युक्त जलकी वर्षा कर रहे हैं ॥५॥

यह संध्याका समय रक्तचन्दनके समान लाल होकर अत्यन्त भयंकर दीख रहा है और प्रज्वलित सूर्यसे यह अग्निज्वाला टूटकर गिर रही है ॥६॥

क्रूर पशु एवं पक्षी दीन होकर सूर्यकी ओर अपना मुख करके दुखी स्वरमें चीत्कार करते हुए महान् भय उत्पन्न कर रहे हैं ॥७॥

रात्रिमें चन्द्रमा भी पूर्ण प्रकाशित न होनेके कारण ताप देते हैं और ये काली एवं लाल किरणोंसे युक्त होकर लोकको क्षय करनेके समान उदय हुए हैं ॥८॥

हे लक्ष्मण ! निर्मल सूर्यमण्डलमें नीला चिह्न दिखायी देता है। सूर्यके चारों ओर छोटा रूखा, अशुभ एवं लाल घेरा पड़ा हुआ है ॥९॥

हे लक्ष्मण ! यह देखो ये तारे बड़ी भारी धूलराशिसे आच्छादित होकर प्रभाहीन हो रहे हैं, इसलिये जगत्के भावी संहारकी सूचना दे रहे हैं ॥१०॥

कौए, बाज और नीच गीध सभी ओर उड़ रहे हैं और सियारिने अशुभसूचक महाभयंकर शब्द कर रही है ॥११॥

इन लक्षणोंसे ऐसा जान पड़ता है कि वानरों तथा राक्षसोंके द्वारा चलाये गये पत्थरोंके खण्डों, शूलों और तलवारोंसे यह पृथ्वी परिपूर्ण हो जायगी और यहाँ मांस एवं रक्तकी कीचड़ जम जायगी ॥१२॥

शीघ्रतापूर्वक आज ही हमलोग इस रावणपालित दुर्जय लङ्कापर वानरोंके साथ वेगपूर्वक आक्रमण करें ॥१३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्येवमुक्त्वा धन्वी स रामः संग्रामधर्षणः ।
प्रतस्थे पुरतो रामो लङ्कामभिमुखो विभुः ॥१४
सविभीषणसुग्रीवाः सर्वे ते वानरर्षभाः ।
प्रतस्थिरे विनर्दन्तो धृतानां द्विशतां वधे ॥१५
राघवस्य प्रियार्थं तु सुतरां वीर्य्यशालिनाम् ।
हरीणां कर्मचेष्टाभिस्तुतोष रघुनन्दनः ॥१६

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये युद्धकाण्डे त्रयोविंशः सर्गः ॥२३॥

रामो जनरमणो राम इत्यन्वयः ॥१४॥

धृतानां निश्चितबुद्धीनाम् ॥१५॥

कर्मणा धैर्येण परं प्रतिप्रस्थानलक्षणेन चेष्टाभिः कायव्यापारैश्च तुतोषेत्यन्वयः ॥१६॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके युद्धकाण्डे त्रयोविंशः सर्गः ॥२३॥

ऐसा कहकर संग्राममें विजय पानेवाले भगवान् श्रीरामचन्द्रजी हाथमें धनुष लेकर सबसे आगे लङ्का की ओर चल पड़े ॥१४॥

बादमें विभीषण और सुग्रीवके साथ वे सभी श्रेष्ठ वानर गर्जना करते हुए युद्धका निश्चय करके शत्रुओंका वध करनेके लिये चल दिये ॥१५॥

श्रीरामचन्द्रजीके प्रिय करनेके लिये उन बलवान् वानरोंके कार्यों तथा चेष्टाओंसे रघुकुलनन्दन श्रीराम बहुत सन्तुष्ट हुए ॥१६॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीरामायण आदिकाव्यके युद्धकाण्डमें तेईसवाँ सर्ग समाप्त ॥२३॥

चतुर्विंशः सर्गः ।

(लक्ष्मणसमीपे लंकायाः शोभावर्णनपूर्वकं व्यूहबद्धभावेन सैन्यानामवस्थानायादेशदानम्, श्रीरामादेशेन बन्धनमुक्तस्य शुकस्य रावणसमीपे गमनान्तरं श्रीरामस्य सैन्यशक्तेः प्राबल्य-प्रदर्शनम्, रावणस्यापि सबलस्य गर्वप्रदर्शनञ्च)

सा वीरसमिती राज्ञा विरराज व्यवस्थितः ।
शशिना शुभनक्षत्रा पौर्णमासीव शारदी ॥१
प्रचचाल च वेगेन त्रस्ता चैव वसुन्धरा ।
पीड्यमाना बलौघेन तेन सागरवर्चसा ॥२
ततः शुश्रुवुराकृष्टं लङ्कायां काननौकसः ।
भेरी-मृदङ्गसंघुष्टं तुमुलं लोमहर्षणम् ॥३

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

सेति। सा वीराणां समितिः समागमो राज्ञा व्यवस्थिता रामेण कृतव्यूहा विरराज। शुभनक्षत्रा शारदी पौर्णमासी शशिनेव ॥१॥

तेन बलौघेन पीड्यमाना वसुन्धरा सेनाया वेगेन प्रचचाल वित्रस्ता च ॥२॥

आकृष्टमाक्रोशम् ॥३॥

[श्रीरामका लक्ष्मणसे लङ्काकी शोभाका वर्णन करके सेनाको व्यूहबद्ध खड़ी होनेके लिये आदेश देना, श्रीरामकी आज्ञासे बन्धन मुक्त हुए शुकका रावणके पास जाकर उनकी सैन्यशक्तिकी प्रबलता बताना और रावणका अपने बलकी प्रशंसा करना]

राजा सुग्रीवके द्वारा सुव्यवस्थित वह वीर सेना चन्द्रमा एवं शुभ नक्षत्रोंसे युक्त शरत्पूर्णिमाके समान सुशोभित हो रही थी ॥१॥

समुद्रके समान विशाल उस सैन्यसे दबी हुई पृथ्वी भयभीत हो गयी और कम्पित होने लगी ॥२॥

इसके बाद वानरोंने लङ्कामें भेरी एवं मृदङ्गके गम्भीर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बभूवुस्तेन घोषेण संहृष्टा हरियूथपाः ।
अमृष्यमाणास्तद् घोषं विनेदुर्घोषवत्तरम् ॥४
राक्षसास्तत् प्लवङ्गानां शुश्रुवुस्तेऽपि गर्जितम् ।
नर्दतामिव दृप्तानां मेघानामम्बरे स्वनम् ॥५
दृष्ट्वा दाशरथिर्लङ्कां चित्रध्वजपताकिनीम् ।
जगाम मनसा सीतां दूयमानेन चेतसा ॥६
अत्र सा मृगशावाक्षी रावणेनोपरुध्यते ।
अभिभूता ग्रहेणेव लोहिताङ्गेन रोहिणी ॥७

घोषवत्तरमतिशयितध्वनिमत् ॥४॥

अम्बरे मेघानां स्वनमिव तेऽपि राक्षसाः प्लवंगानां तद्गर्जितं शुश्रुवुः ॥५॥

मनसा जगाम सस्मारेत्यर्थः ॥६॥

स्मरणप्रकारोऽत्र सेति । उपरुध्यते उपरुद्धा तिष्ठति । लोहितांगोऽङ्गारकः ॥७॥

घोषसे युक्त भयंकर तथा रोमाञ्चकारी महान् कोलाहल सुना ॥३॥

उस तुमुल शब्दको सुनकर वानरयूथपति प्रसन्न हो गये और उसे सहन न करके उससे भी बढ़कर महान् कोलाहल करने लगे ॥४॥

राक्षसोंने वानरों की उस गर्जनाको सुना। उनकी आवाज आकाशमें मेघ गर्जनके समान मालूम होता था ॥५

दशरथनन्दन श्रीराम विचित्र ध्वजा एवं पताकाओंसे युक्त लङ्काको देखकर व्यथित हो गये और मन ही मन सीताका स्मरण करने लगे ॥६॥

इसी लङ्कामें मृगलोचना सीता रावणके द्वारा रोक रक्खी गई है, उसकी दशा इस समय मङ्गलग्रहसे आक्रान्त रोहिणीके समान हो रही है ॥७॥

दीर्घमुष्णञ्च निःश्वस्य समुद्वीक्ष्य च लक्ष्मणम् ।
उवाच वचनं वीरस्तत्कालहितमात्मनः ॥८
आलिखन्तीमिवाकाशमुत्थितां पश्य लक्ष्मण ।
मनसेव कृतां लङ्कां नगाग्रे विश्वकर्मणा ॥९
विमानैर्बहुभिर्लङ्का संकीर्णा रचिता पुरा ।
विष्णोः पदमिवाकाशं छादितं पाण्डुभिर्घनैः ॥१०
पुष्पितैः शोभिता लङ्का वनैश्चित्ररथोपमैः ।
नानापतगसङ्घुष्टफलपुष्पोपगैः शुभैः ॥११

आत्मनस्तत्कालहितं लङ्कादर्शनकाले आत्मनः प्रीतिकरम् दिव्यपुरीदर्शनजसन्तोषद्योतकमिति यावत् ॥८॥

तदेवाह,— आलिखन्तीमित्यादि ॥९॥

विमानैः सप्तभूमिकप्रासादैः संकीर्णा निबिडा । तत्रोपमा । पांडुभिर्घनैः संकीर्णं विष्णोर्व्यापनशीलस्य वायुमयस्य ब्रह्मणः पदं प्रचारस्थानमाकाशमिव ॥१०-११॥

अपने मनमें ऐसा विचारकर और गरम लम्बी साँस लेकर लक्ष्मणकी ओर देखकर अपने लिये समयानुकूल एवं हितकर वचन बोले— ॥८॥

हे लक्ष्मण ! अपनी ऊचाईसे आकाशमें रेखा खींचती हुईके समान इस लंकापुरीको देखो। मालूम होता है प्राचीन समयमें विश्वकर्माने मनसे ही इस लंकापुरीका निर्माण किया है ॥९॥

पूर्वकालमें यह अनेक सात महले मकानोंसे परिपूर्ण बनाई गयी थी। इसके श्वेत एवं सघन भवनोंसे श्रीविष्णु भगवान्‌का चरणस्थापनाका स्थानभूत आकाश आच्छादित हो गया ॥१०॥

पुष्पसे सम्पन्न चैत्ररथवनके समान अनेक उद्यानोंसे लङ्कापुरी सुशोभित हो रही है। उन उद्यानोंमें नाना भाँतिके पक्षी कलरव कर रहे हैं और फलों एवं पुष्पोंकी प्राप्ति करानेके कारण वे बड़े मनोहर मालूम हो रहे हैं ॥११॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पश्य मत्तविहङ्गानि प्रलीनभ्रमराणि च ।
कोकिलाकुलखण्डानि दोधवीति शिवोऽनिलः ॥१२
इति दाशरथी रामो लक्ष्मणं समभाषत ।
बलञ्च तत्र विभजच्छास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥१३
शशास कपिसेनां तां बलादादाय वीर्य्यवान् ।
अङ्गदः सह नीलेन तिष्ठेदुरसि दुर्जयः ॥१४
तिष्ठेद् वानरवाहिन्या वानरौघसमावृतः ।
आश्रितो दक्षिणं पार्श्वमृषभो नाम वानरः ॥१५
गन्धहस्तीव दुर्धर्षस्तरस्वी गन्धमादनः ।
तिष्ठेद् वानरवाहिन्याः सव्यं पार्श्वमधिष्ठितः ॥१६
मूर्ध्नि स्थास्याम्यहं यत्तो लक्ष्मणेन समन्वितः ।
जाम्बवांश्च सुषेणश्च वेगदर्शी च वानरः ॥१७
ऋक्षमुख्या महात्मानः कुक्षिं रक्षतु ते त्रयः ।
जघनं कपिसेनायाः कपिराजोऽभिरक्षतु ॥
पश्चार्द्धमिव लोकस्य प्रचेतोस्तेजसा वृतः ॥१८
सुविभक्तमहाव्यूहा महावानररक्षिता ।
अनीकिनी सा विबभौ यथा द्यौः साभ्रसम्प्लवा ॥१९

कोकिलाकुलखण्डानि तदाकुलवृक्षखण्डानि । दोधवीति कंपयति ॥१२॥

विभजत् व्यभजत् ॥१३॥

बलाद्वानरबलात् आदाय स्वबलं गृहीत्वा नीलेन सहाङ्गद उरसि उच्यमानपुरुषव्यूहस्योरसि तिष्ठेदिति कपिसेनां शशास ॥१४॥

वानरौघसमावृत ऋषभो वानरवाहिन्या दक्षिणं पार्श्वमाश्रितस्तिष्ठेदित्यन्वयः ॥१५-१६॥

यत्तः सावधानः ॥१७॥

जांववदादयस्त्रयोऽपि ऋक्षा जघनं पश्चार्धम् लोकस्य भूलोकस्य पश्चार्धं पश्चिमदिशं तेजसावृतः प्रचेता इव ॥१८-१९॥

यह देखो, शीतल एवं सुखदायक वायु इन वनोंको जिनमें मदमत्त पक्षी कलरव कर रहे हैं। भ्रमर पत्तों एवं पुष्पोंमें लीन हो रहे हैं और जिनके प्रत्येक खण्डको किलोंके समूह एवं संगीतसे परिपूर्ण हैं, उन्हें कम्पित कर रहा है ॥१२॥

इस प्रकार दशरथनन्दन श्रीरामने लक्ष्मणसे कहा— और युद्धके शास्त्रीय नियमके अनुसार सेनाका विभाग किया ॥१३॥

श्रीरामने वानर सेनाको उस समय यह आदेश दिया कि इस विशाल सेनामेंसे अपनी सेनाको लेकर दुर्जय एवं पराक्रमी वीर अङ्गद, नीलके साथ वानर सेनाके पुरुष-व्यूहमें हृदयके स्थानमें स्थित हो जायँ ॥१४॥

इसी तरह ऋषभ नामक वानर कपियोंके समुदायसे घिरे रहकर इस वानर-वाहिनीके दाहिने पार्श्वमें खड़े रहें ॥१५॥

गन्धहस्तीके समान दुर्धर्ष एवं वेगशाली गन्धमादन वानरसेनाके वामभागमें खड़े हो जायँ ॥१६॥

मैं लक्ष्मणके साथ सावधान होकर इस पुरुषव्यूहके मस्तकपर खड़ा होऊँगा। जाम्बवान्, सुषेण और वेग-दर्शी ये तीन महामनस्वी जो ऋक्ष सेनाके प्रधान हैं, वे सैन्यव्यूहके कुक्षि स्थानकी रक्षा करें ॥१७॥

वानरराज सुग्रीव वानरसेनाके पिछले भागकी रक्षामें उसी प्रकार लग जायँ, जैसे तेजस्वी वरुण इस संसारकी पश्चिम दिशाकी रक्षा करते हैं ॥१८॥

इस प्रकार व्यूहमें विभक्त एवं महावानरोंसे सुरक्षित वह सेना मेघोंसे घिरे हुए आकाशके समान शोभा पाने लगी ॥१९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रगृह्य गिरिशृङ्गाणि महतश्च महीरुहान् ।
आसेदुर्वानरा लङ्कां मिमर्दयिषवो रणे ॥२०
शिखरैर्विकिरामैनां लङ्कां मुष्टिभिरेव वा ।
इति स्म दधिरे सर्वे मनांसि हरिपुङ्गवाः ॥२१
ततो रामो महातेजाः सुग्रीवमिदमब्रवीत् ।
सुविभक्तानि सैन्यानि शुक एष विमुच्यताम् ॥२२
रामस्य तु वचः श्रुत्वा वानरेन्द्रो महाबलः ।
मोचयामास तं दूतं शुकं रामस्य शासनात् ॥२३
मोचितो रामवाक्येन वानरैश्च निपीड़ितः ।
शुकः परमसन्त्रस्तो रक्षोधिपमुपागमत् ॥२४

रावणः प्रहसन्नेव शुकं वाक्यमुवाच ह ।
किमिमौ ते सितौ पक्षौ लूनपक्षश्च दृश्यसे ॥२५
कच्चिन्नानेकचित्तानां तेषां त्वं वशमागतः ।
ततः स भयसंविग्नस्तेन राज्ञाभिचोदितः ॥२६
वचनं प्रत्युवाचेदं राक्षसाधिपमुत्तमम् ।
सागरस्योत्तरे तीरेऽब्रुवं ते वचनं तथा ।
यथा सन्देशमक्लिष्टं सान्त्वयन् श्लक्ष्णया गिरा ॥२७
क्रुद्धैस्तैरहमुत्प्लुत्य दृष्टमात्रः प्लवङ्गमैः ।
गृहीतोऽस्म्यपि चारब्धो हन्तुं लोप्तुञ्च मुष्टिभिः ॥२८

मर्दयितुमिच्छवो मिमर्दयिषवः ॥२०॥

शिखरैर्गिरिशिखरैर्विकिराम विक्षिपाम नाशयामेति यावत् ॥२१॥

शुक एष विमुच्यतामिति । पूर्वं मुच्यतां दूत आगत इत्यत्र ताडनादिदुःखान्मुच्यतामित्येवार्थः । तेन बद्धः स्थापित इत्यवगम्यते ॥२२—२४॥

प्रहसन्नेव लूनपक्षत्वादिविकृताकारं दृष्ट्वा प्रहासः । इमौ ते पक्षौ सितौ बद्धौ किम । अतः लूनपक्षश्च दृश्यसे ॥२५॥

अनेकचित्तानां चंचलचित्तानां वानराणाम् ॥२६॥

सागरस्योत्तरे तीरे स्थित्वा । श्लक्ष्णया गिरा वानरान्सांत्वयन् अक्लिष्टं ते वचनं यथा संदेशं तथाब्रुवम् ॥२७॥

अहं तथाब्रुवन् लोप्तुं पक्षभागे छेत्तुं मुष्टिभिर्हन्तुं चारब्धः ॥२८॥

वानरलोग पर्वतके शिखर और बड़े-बड़े वृक्षोंको लेकर युद्धके लिये लङ्कापर आक्रमण किये, उस समय वे उस नगरीको पददलित कर देनेकी इच्छा रखते थे ॥२०॥

सभी वानर यही विचार किये थे कि हम लङ्काके ऊपर पर्वतशिखरोंकी वर्षा करें, और लंकामें निवास करनेवालों को मुष्टिसे मार-मारकर यमलोक भेज दें ॥२१॥

इसके बाद श्रीराम सुग्रीवसे बोले—हमलोगोंने अपनी सेनाको सुन्दर ढङ्गसे व्यूहबद्ध कर लिया है, अब शुकको छोड़ दिया जाय ॥२२॥

श्रीरामके इस वचनको सुनकर महाबली वानरराज सुग्रीवने उनकी आज्ञासे उस राजदूत शुकको छोड़ दिया ॥२३॥

श्रीरामचन्द्रजीकी आज्ञासे मुक्त होकर वानरोंसे पीड़ित होनेके कारण अत्यन्त भयभीत शुक राक्षसराज रावणके समीप पहुँचा ॥२४॥

उस समय हँसते हुए रावणने शुकसे कहा—तुम्हारे ये दोनों पंख क्यों बाँध दी गयी है ? इससे तो तुम इस प्रकारके दीख रहे हो, जैसे तुम्हारे पँख नोच दिये गये हों। क्या तुम उन चञ्चल वानरोंके चंगुलमें तो नहीं पड़ गये ? पश्चात् भयभीत शुकने राजासे प्रेरित होकर राक्षसराज से इस प्रकार वचन कहा—॥२५-२६॥

हे राजन् ! समुद्रके उत्तर तीरपर जाकर जैसा आपने अपना सन्देश कहा था, वैसा ही मधुरवाणीसे मैंने कहना आरम्भ किया ॥२७॥

इसी समय देखते ही कुपित हुए वानरोंने मुझे पकड़ लिया, और मेरे पंख काटना एवं मुझे मुक्कोंसे मारना आरम्भ किया ॥२८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न ते सम्भाषितुं शक्याः सम्प्रश्नोऽत्र न विद्यते ।
प्रकृत्या कोपनास्तीक्ष्णा वानरा राक्षसाधिप ॥२९
स च हन्ता विराधस्य कबन्धस्य खरस्य च ।
सुग्रीवसहितो रामः सीतायाः पदमागतः ॥३०
स कृत्वा सागरे सेतुं तीर्त्वा च लवणोदधिम् ।
एष रक्षांसि निर्धूय धन्वी तिष्ठति राघवः ॥३१
ऋक्षवानरसङ्घानामनीकानि सहस्रशः ।
गिरिमेघनिकाशानां छादयन्ति वसुन्धराम् ॥३२
राक्षसानां बलौघस्य वानरेन्द्रबलस्य च ।
नैतयोर्विद्यते सन्धिर्देव-दानवयोरिव ॥३३

पुरा प्रकारमायान्ति क्षिप्रमेकतरं कुरु ।
सीतां चास्मै प्रयच्छाशु युद्धं वापि प्रदीयताम् ॥३४
शुकस्य वचनं श्रुत्वा रावणो वाक्यमब्रवीत् ।
रोषसंरक्तनयनो निर्दहन्निव चक्षुसा ॥३५
यदि मा प्रति युद्धेरन् देव-गन्धर्व-दानवाः ।
नैव सीतां प्रदास्यामि सर्वलोकभयादपि ॥३६
कदा समभिधावन्ति मामका राघवं शराः ।
वसन्ते पुष्पितं मत्ता भ्रमरा इव पादपम् ॥३७
कदा शोणितदिग्धाङ्गं दीप्तैः कार्मुकविच्युतैः ।
शरैरादीपयिष्यामि उल्काभिरिव कुञ्जरम् ॥३८

ते कृतपरिभवाः संभाषितुं न शक्याः । अत्र परिभवे संप्रश्नो विचारो नास्ति । इदमेतावत्कार्यमिति मर्यादा नास्तीत्यर्थः । तदेव स्मारयति प्रकृत्येति ॥२९॥

अधुना विज्ञाप्यमाह,--स चेति । विराधादिहन्तेत्यनेन तथापि हन्तेति सूचितम् । पदं स्थानमन्विष्यागतः प्राप्तः ॥३०॥

रक्षांसि निर्धूय तृणीकृत्य ॥३१-३२॥

सन्धिः सन्धानं नास्त्येव ॥३३॥

पुरा आयान्ति आयास्यन्ति । पुरायोगे भविष्यति लट् । एकतरं वक्ष्यमाणयोरन्यतरत् ॥३४-३५॥

सर्वस्य राक्षसलोकस्य रणभयप्राप्तेरपीत्यर्थः ॥३६॥

समभिधावन्ति धाविष्यन्ति ॥३७-३८॥

हे राक्षसराज ! उन वानरोंसे न तो कोई बोल सकता, और न कोई प्रश्न किया जा सकता, क्योंकि वे स्वभावसे क्रोधी एवं तेज हैं ॥२९॥

विराध, कबन्ध, एवं खरको मारनेवाले श्रीरामचन्द्रजी सुग्रीवके साथ सीताका पता पाकर यहां आ गये हैं ॥३०॥

उन्होंने समुद्रमें पुल बनाकर और लवण सागरको पारकर राक्षसोंको अपमानित करके हाथमें धनुष लिये हुए बैठे हैं ॥३१॥

प्रधान-प्रधान ऋक्ष, वानरोंकी हजारों सेनाएँ उनके साथ हैं। वे सभी सेनाएँ पर्वतों और मेघोंके समान विशालकाय एवं समूची पृथ्वीको आच्छादित कर रही हैं ॥३२॥

राक्षसों तथा वानरोंकी सेनामें मेल होना उसी प्रकार असम्भव है, जैसे देव एवं दानवोंकी सेनामें मेल होना असम्भव होता है ॥३३॥

वे सब जबतक लङ्कापर आक्रमण नहीं करते हैं, इसके पहले ही या तो सीताजीको लौटा दिया जाय अथवा युद्धके लिये तैयार हो जायँ ॥३४॥

शुककी ऐसी बात सुनकर रावणकी आंखें क्रोधसे लाल हो गयी और वह अपनी आंखोंसे शुकको जलाते हुएके समान बोला—॥३५॥

यदि मेरे साथ देवता, गन्धर्व एवं दानव युद्ध करे अथवा समस्त लोकोंका भय भी उपस्थित हो जाय तो भी मैं सीताको नहीं दे सकता ॥३६॥

जैसे मतवाले भौंरें वसन्त ऋतुमें पुष्पित वृक्षपर दौड़ते हैं, उसी प्रकार मेरे बाण भी रामके ऊपर कब दौड़ेंगे? ॥३७

जलती हुई उल्कासे जैसे हाथी भागता है, वैसे ही मैं अपने तरकससे निकले एवं धनुषसे छूटे हुए अपने बाणों द्वारा कब रामको दग्धकर डालूँगा ? ॥३८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तच्चास्य बलमादास्ये बलेन महता वृतः ।
ज्योतिषामिव सर्वेषां प्रभामुद्यन् दिवाकरः ॥३९
सागरस्येव मे वेगो मारुतस्येव मे बलम् ।
न च दाशरथिर्वेद तेन मां योद्धुमिच्छति ॥४०
न मे तूणीशयान् बाणान् सविषानिव पन्नगान् ।
रामः पश्यति संग्रामे तेन मां योद्धुमिच्छति ॥४१
न जानाति पुरा वीर्यं मम युद्धे स राघवः ।
मम चापमयीं वीणां शरकोणैः प्रवादिताम् ॥४२
ज्याशब्दतुमुलां घोरामार्तगीतमहास्वनाम् ।
नाराचतलसन्नादां नदीमहितवाहिनीम् ॥
अवगाह्य महारङ्गं वादयिष्याम्यहं रणे ॥४३
स वासवेनापि सहस्रचक्षुषा
युद्धेऽस्मि शक्यो वरुणेन वा स्वयम् ।
यमेन वा धर्षयितुं शराग्निना
महाहवे वैश्रवणेन वा पुनः ॥४४

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये युद्धकाण्डे चतुर्विंशः सर्गः ॥२४॥

आदास्ये तिरस्करिष्यामि ॥३९॥

वेद जानाति ॥४०॥

पश्यति दृष्टवान् ॥४१॥

पुरा पूर्वं मम वीर्यं न जानाति नाज्ञासीत्। शरकोणैः शररूपवादनदण्डैः प्रवादिताम् ॥४२॥

ज्याशब्द एव तुमुलः शब्दो यस्यास्ताम्। आर्तः आर्तशब्दरूपो हा हतोऽस्मीत्यादिको गीतरूपो महान्स्वनो यस्यास्ताम्। नाराचतलरव एव सन्नादो यस्यास्ताम्। अत्र तुमुलमहास्वनसन्नादशब्दैर्वीणाया मन्द्रमध्यताराः शब्दा उक्ताः। नदीरूपाया अहितवाहिनी सेना तद्रूपं महारंगमवगाह्य रणे वादयिष्यामि ॥४३॥

न शक्यो जेतुमिति शेषः ॥४४॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके युद्धकाण्डे चतुर्विंशः सर्गः ॥२४॥

जैसे सूर्य उदय होकर छोटे-छोटे तारोंके प्रकाशको नष्ट कर देते हैं, उसी प्रकार मैं भी अपनी विशाल सेनासे युक्त होकर रामकी सेनाको समाप्त कर दूँगा ॥३९॥

दशरथपुत्र राम समुद्रके समान मेरे वेगको और वायुके समान मेरी गतिको नहीं जानते हैं, इसीलिये मेरे साथ युद्ध करनेकी इच्छा कर रहे हैं ॥४०॥

विषधर सर्पके समान तरकसमें सोये हुए मेरे विषैले बाणोंको रामने युद्धमें नहीं देखा है, इसीलिये युद्ध करना चाहते हैं ॥४१॥

रामने पहले कभी युद्धमें मेरे पराक्रमको नहीं जाना है, इसीलिये लड़ना चाहते हैं। मेरा धनुष एक सुन्दर वीणा है, कोनोंसे बजायी जाती है। उसकी प्रत्यञ्चासे जो टङ्कारध्वनि होती है, वही उसकी भयंकर स्वरलहरी है। आर्तोंकी चीत्कार एवं पुकार ही उससे निकलनेवाली सुन्दर गीत है। नराचोंको छोड़ते समय उससे जो चट-चट शब्द होते हैं, वह हथेलीपर दिया जानेवाला तालके समान हैं। बहती हुई नदीके समान शत्रुसेना ही उस गीतवितानकी रंगभूमि है। युद्धस्थलमें प्रवेश करके मैं अपनी वह भयंकर वीणा बजाऊँगा ॥४२-४३॥

यदि महायुद्धमें हजार नेत्रवाले इन्द्र अथवा साक्षात् वरुण या यमराज किम्वा मेरे बड़े भाई कुबेर ही आ जाय तो वे भी अपनी बाणाग्निसे मुझे पराजित नहीं कर सकते ॥४४॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके युद्धकाण्डमें चौबीसवाँ सर्ग समाप्त ॥२४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्चविंशः सर्गः ।

[रावणेन शुक-सारणयोर्गुप्तभावेन वानरसेनामध्ये प्रेरणम् , विभीषणेन तयोर्ग्रहणम् , श्रीरामकृपया मुक्तयोस्तयोः श्रीरामसन्देशं गृहीत्वा लङ्कायां गमनम् , रावणसमीपे तन्निवेदनञ्च ।]

सबले सागरं तीर्णे रामे दशरथात्मजे ।
अमात्यौ रावणः श्रीमानब्रवीच्छुक-सारणौ ॥१
समग्रं सागरं तीर्णं दुस्तरं वानरं बलम् ।
अभूतपूर्वं रामेण सागरे सेतुबन्धनम् ॥२
सागरे सेतुबन्धं तं न श्रद्दध्यां कथञ्चन ।
अवश्यं चापि संख्येयं तन्मया वानरं बलम् ॥३
भवन्तौ वानरं सैन्यं प्रविश्यानुपलक्षितौ ।
परिमाणञ्च वीर्यञ्च ये च मुख्याः प्लवङ्गमाः ॥४
मन्त्रिणो ये च रामस्य सुग्रीवस्य च सम्मताः ।
ये पूर्वमभिवर्तन्ते ये च शूराः प्लवङ्गमाः ॥५
स च सेतुर्यथा बद्धः सागरे सलिलार्णवे ।
निवेशश्च यथा तेषां वानराणां महात्मनाम् ॥६
रामस्य व्यवसायञ्च वीर्य्यं प्रहरणानि च ।
लक्ष्मणस्य च वीरस्य तत्त्वतो ज्ञातुमर्हथः ॥७
कश्च सेनापतिस्तेषां वानराणां महात्मनाम् ।
तच्च ज्ञात्वा यथा तत्त्वं शीघ्रमागन्तुमर्हथः ॥८

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

रावणः शुकसारणाख्यावमात्यावब्रवीत् । अमात्यत्वेन विशेषणादयं शुकोऽन्यः । पूर्वप्रेषितशुकोक्तवृत्तान्तज्ञानपूर्वकं प्रेषणाच्चेति कतकादयः ॥१॥

सर्वं वानरबलं तीर्णम् । सागरे सेतुबन्धनं च कृतमेतदुभयमप्यभूतपूर्वम् ॥२॥

सागरे सेतुबन्धनं न श्रद्दध्याम् । समुद्रस्य विराड्डुदरत्वेन जीवव्रातैरशक्यबन्धनत्वात् जीवविशेषत्वाच्च रामस्येत्याशयः । रामोऽपि विराडेव नान्य इति बुद्धिस्तु रजस्तमःप्रधानत्वान्न तस्येति दिक् ॥३॥

परिमाणं चेत्यादीनां तत्त्वतो ज्ञातुमर्हथ इत्यनेन संबन्धः । ये च मुख्यास्तानीति शेषः ॥४॥

ये पूर्वमभिवर्तन्ते अग्रेसरा इत्यर्थः ॥५॥

सागरे संबद्धे सलिलार्णवे लवणजले समुद्रे । निवेशं सेनानिवेशम् ॥६॥

[रावणका शुक और सारणको श्रीरामकी सेनामें गुप्तचररूपसे भेजना, विभीषणद्वारा उनका पकड़ा जाना, श्रीरामकी कृपासे छुटकारा पाना तथा रामका संदेश लेकर लंकामें जाकर रावणको समझाना ।]

दशरथनन्दन श्रीरामको अपनी सेनाके साथ समुद्रको पारकर जानेपर श्रीमान् रावणने शुक और सारण नामक मन्त्रियोंसे कहा—॥१।

यद्यपि समुद्रको पार करना अत्यन्त दुष्कर कार्य है, तो भी समस्त वानर सेना समुद्र पारकर गयी और रामके द्वारा समुद्रमें पुल बाँधना यह अभूतपूर्व कार्य है ॥२॥

सागरमें पुल बाँध दिया गया, इसे सुनकर भी मुझे विश्वास नहीं होता है। वानर सेनाकी संख्या कितनी है ? इसका ज्ञान मुझे अवश्य करना है ॥३॥

तुम दोनों छिपकर वानर सेनामें प्रवेश करो और पता लगाओ कि वानरोंकी संख्या कितनी है ? उनमें प्रधान-प्रधान वानर कौन हैं ? ॥४॥

रामके मन्त्री और सुग्रीवके मनोऽनुकूल मन्त्री कौन-कौन हैं ? कौन-कौन वीर सेनाके आगे चलते हैं ? ॥५॥

समुद्रमें पुल कैसे बनाया गया, महात्मा वानरोंकी छावनी किस प्रकारकी पड़ी है ? श्रीराम और लक्ष्मणका निश्चय क्या है ? उनके पास अस्त्र-शस्त्र कौन-कौनसे हैं ? उन महात्मा वानरोंका सेनापति कौन है ? इन सबका यथार्थ पता लगाकर शीघ्र लौट आओ ॥६-८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति प्रतिसमादिष्टौ राक्षसौ शुक-सारणौ ।
हरिरूपधरौ वीरौ प्रविष्टौ वानरं बलम् ॥९
ततस्तद् वानरं सैन्यमचिन्त्यं लोमहर्षणम् ।
संख्यातुं नाध्यगच्छेतां तदा तौ शुक-सारणौ ॥१०
तत् स्थितं पर्वताग्रेषु निर्झरेषु गुहासु च ।
समुद्रस्य च तीरेषु वनेषूपवनेषु च ।
तरमाणञ्च तीर्णञ्च तर्तुकामञ्च सर्वशः ॥११
निविष्टं निविशच्चैव भीमनादं महाबलम् ।
तद्बलार्णवमक्षोभ्यं ददृशाते निशाचरौ ॥१२

प्रहरणान्यायुधानि ॥७-९॥
नाध्यगच्छेतां नाशक्नुवाताम् ॥१०॥
तत्र हेतुमाह,—तत्स्थितमित्यादिना ॥११॥
ददृशाते ददृशतुः ॥१२॥

इस प्रकार आज्ञा होनेपर वे दोनों वीर राक्षस शुक और सारण वानरके रूप धारण करके वानरी सेनामें प्रवेश किये ॥९॥

अनन्तर उस अचिन्त्य और रोमञ्चकारी वानरसेनाको देखकर शुक और सारण ये दोनों राक्षस किसी प्रकार भी उनकी गणना नहीं कर सके ॥१०॥

वह सेना पर्वतके शिखरोंपर, गुफाओंमें, झरणोंके समीपमें, समुद्र तटपर, वनोंमें, उपवनोंमें स्थित थी। कुछ सेना तो समुद्रको पारकर चुकी थी, कुछ पार कर रही थी और कुछ पार करनेकी इच्छा कर रही थी ॥११॥

भयंकर शब्द करनेवाली वह विशाल सेना कुछ स्थानों पर अपनी छावनी डाल दी थी और कुछ स्थानोंपर छावनी डाली जा रही थी। दोनों राक्षसोंने उस सेनाको समुद्रके समान अक्षोभ्य देखा ॥१२॥

वानरके वेषमें छिपकर सेनाको निरीक्षण करते हुए

तौ ददर्श महातेजाः प्रतिच्छन्नौ विभीषणः ।
आचचक्षे स रामाय गृहीत्वा शुक-सारणौ ॥१३
तस्यैतौ राक्षसेन्द्रस्य मन्त्रिणो शुक-सारणौ ।
लङ्कायाः समनुप्राप्तौ चारौ परपुरञ्जय ॥१४
तौ दृष्ट्वा व्यथितौ रामं निराशौ जीविते तथा ।
कृताञ्जलिपुटौ भीतौ वचनं चेदमूचतुः ॥१५
आवामिहागतौ सौम्य रावणप्रहितावुभौ ।
परिज्ञातुं बलं सर्वं तदिदं रघुनन्दन ॥१६
तयोस्तद् वचनं श्रुत्वा रामो दशरथात्मजः ।
अब्रवीत् प्रहसन् वाक्यं सर्वभूतहिते रतः ॥१७

प्रतिच्छन्नो हरिरूपेण। गृहत्वाचचक्षे गृहीत्वोपनीयाचचक्षे ॥१३-१४॥
तौ रामं दृष्ट्वा व्यथितौ जीविते निराशौ चाभूताम् ॥१५॥
रावणप्रहितौ तत्प्रेषितौ ॥१६॥
प्रहसन्सेतुबन्धनेन जनस्थाने निरपेक्षं खरादिवधेन च न मद्बलज्ञानं वृत्तमिति प्रहासः ॥१७॥

उन दोनों शुक एवं सारण राक्षसोंको महातेजस्वी विभीषणने देखा और उनको पकड़कर श्रीरामसे कहा—॥१३॥

हे शत्रुनगर विजयी महाराज! ये दोनों लङ्कासे आये हुए राक्षसराज रावणके मन्त्री शुक और सारण हैं ॥१४॥

वे दोनों श्रीरामको देखकर व्यथित हो गये और अपने जीवनके प्रति निराश हो गये। भयभीत हो हाथ जोड़कर वे इस प्रकार वचन बोले—॥१५॥

हे सौम्य रघुनन्दन! हम दोनों रावणके द्वारा भेजे हुए आपकी सेनाके विषयमें जानकारी प्राप्त करनेके लिये यहाँ आये हैं ॥१६॥

उन दोनोंके उस वचनको सुनकर सभी प्राणियोंके हित करनेवाले दशरथनन्दन भगवान् श्रीराम हँसते हुए वचन बोले-॥१७॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि दृष्टं बलं सर्वं वयं वा सुसमाहिताः ।
यथोक्तं वा कृतं कार्य्यं छन्दतः प्रतिगम्यताम् ॥१८
अथ किञ्चिददृष्टं वा भूयस्तद् द्रष्टुमर्हथः ।
विभीषणो वा कार्त्स्न्येन पुनः सन्दर्शयिष्यति ॥१९
न चेदं ग्रहणं प्राप्य भेतव्यं जीवितं प्रति ।
न्यस्तशस्त्रौ गृहीतौ च न दूतौ वधमर्हथः ॥२०
प्रच्छन्नौ च विमुञ्चेमौ चारौ रात्रिञ्चरावुभौ ।
शत्रुपक्षस्य सततं विभीषण विकर्षिणौ ॥२१
प्रविश्य महतीं लङ्कां भवद्भ्यां धनदानुजः ।

वयमिति रामेण निर्देशः सुग्रीवादिसहितस्य स्वस्य सुसमाहिताः ज्ञातबलाः । यथोक्तं रावणोक्तमनतिक्रम्य । वा चेत् । छंदतः स्वेच्छया ॥१८॥

विभीषणो वा यस्माद्विशिष्य भवतां भयमिति शेषः ॥१९॥

न्यस्तशस्त्रत्वाद्येकैकमप्यवधे हेतुः किमुत समुदितमिति भावः ॥२०॥

प्रच्छन्नौ च गूढतया रन्ध्रान्वेषिणावपि शत्रुपक्षस्य रावणशत्रुपक्षस्य सुग्रीवादिरूपस्य सततं विकर्षिणौ भेदादिपरावपि इमौ रात्रिञ्चरौ हे विभीषण विमुञ्च ॥२१॥

यदि तुमने मेरी सारी सेना देख ली और हमलोगोंको भी देख लिये हो । रावणके कथनानुसार सब कार्य कर लिये हो तो इच्छानुसार चले जाओ ॥१८॥

यदि कुछ नहीं देखे हो तो पुनः उसे देख सकते हो अथवा विभीषण तुम्हें सब कुछ पूर्णतया दिखा सकता है ॥१९॥

इस समय इस प्रकार पकड़े जानेसे तुम दोनोंको अपने जीवनके प्रति भय नहीं होना चाहिये, क्योंकि शस्त्रहीन और दूत बनकर आये हुए तुम दोनों वधके योग्य नहीं हो ॥२०॥

हे विभीषण ! ये दोनों रावणके गुप्तचर हैं और छिपकर यहांका भेद लेनेके लिये आये हैं। ये अपने शत्रुपक्षमें भेद

वक्तव्यो रक्षसां राजा यथोक्तं वचनं मम ॥२२
यद् बलं त्वं समाश्रित्य सीतां मे हृतवानसि ।
तद् दर्शय यथाकामं ससैन्यश्च सबान्धवः ॥२३
श्वः काल्ये नगरीं लङ्कां सप्राकारां सतोरणाम् ।
रक्षसांश्च बलं पश्य शरैर्विध्वंसितं मया ॥२४
क्रोधं भीममहं मोक्ष्ये ससैन्ये त्वयि रावण ।
श्वः काल्ये वज्रवान् वज्रं दानवेष्विव वासवः ॥२५
इति प्रतिसमादिष्टौ राक्षसौ शुक-सारणौ ।
जयति प्रतिनन्द्यैनं राघवं धर्मवत्सलम् ॥२६

अथ रामः प्रतिसन्दिशति प्रविश्येति ॥२२-२३॥

श्वः काल्ये श्वः प्रातःकाले ॥२४॥

वज्रवान् वज्रवत्त्वगुणः ॥२५-२६॥

डालना चाहते हैं, किन्तु पहचान लिये गये हैं, इसलिये इनको छोड़ दो ॥२१॥

शुक और सारण ! तुम दोनों लङ्कामें जाकर कुबेरके छोटे भाई रावणसे मेरा यह वचन कहना ॥२२॥

हे रावण ! जिस बलका आश्रय लेकर तुमने सीताका हरण किया है, उसे अब सेना एवं बन्धुजनोंके साथ इच्छानुसार दिखाओ ॥२३॥

कल प्रातःकाल ही तुम परकोटे और द्वारोंके साथ लङ्कानगरी और अपनी सेनाको मेरे बाणोंसे विध्वंस होते हुए देखोगे ॥२४॥

हे रावण ! जैसे वज्रधारी इन्द्र दानवोंपर अपना वज्र छोड़ते हैं, उसी प्रकार मैं भी कल प्रातःकाल ही सेनासहित तुम्हारे ऊपर अपना भयंकर क्रोध छोड़ूँगा ॥२५॥

भगवान् श्रीरामसे ऐसा कहे जानेपर वे दोनों राक्षस शुक एवं सारण धर्मप्रेमी श्रीरामचन्द्रजीकी जयजयकारसे अभिनन्दन करके लङ्कापुरीमें आकर राक्षसराज रावणसे बोले—।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आगम्य नगरीं लङ्कामब्रूतां राक्षसाधिपम् ।
विभीषणगृहीतौ तु वधार्थं राक्षसेश्वर ॥२७
दृष्ट्वा धर्मात्मना मुक्तौ रामेणामिततेजसा ।
एकस्थानगता यत्र चत्वारः पुरुषर्षभाः ॥२८
लोकपालसमाः शूराः कृतास्त्रा दृढविक्रमाः ।
रामो दाशरथिः श्रीमांल्लक्ष्मणश्च विभीषणः २९
सुग्रीवश्च महातेजा महेन्द्रसमविक्रमः ।
एते शक्ताः पुरीं लङ्कां सप्राकारां
सतोरणाम् ॥३०
उत्पाट्य संक्रामयितुं सर्वे तिष्ठन्तु वानराः ।
यादृशं तद्धि रामस्य रूपं प्रहरणानि च ॥३१
वधिष्यति पुरीं लङ्कामेकस्तिष्ठन्तु ते त्रयः ।
रामलक्ष्मणगुप्ता सा सुग्रीवेण च वाहिनी ॥
बभूव दुर्धर्षतरा सर्वैरपि सुरासुरैः ॥३२
प्रहृष्टयोधा ध्वजिनी महात्मनां
वनौकसां सम्प्रति योद्धुमिच्छताम् ।
अलं विरोधेन शमो विधीयतां
प्रदीयतां दाशरथाय मैथिली ॥३३

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये युद्धकाण्डे पञ्चविंशः सर्गः ॥२५॥

विभीषणगृहीतावित्यनेन तत्त्यागस्तव महतेऽनर्थायेति सूचितम् ॥२७॥

यत्र यस्मादेते वक्ष्यमाणाश्चत्वार एकस्थानगता एकत्र मिलितास्तस्मात्त एते शक्ता इति योजना ॥२८-३०॥

उत्पाट्य संक्रामयितुं निखातशालास्तंभमिवोपरि कृत्वा पुनः प्रतिष्ठापयितुमित्यर्थः ॥३१-३२॥

योद्धुमिच्छतां ध्वजिनी दुर्धर्षेत्यन्वयः । यदेवमतोऽलमिति ॥३३॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके युद्धकाण्डे पञ्चविंशः सर्गः ॥२५॥

हे राक्षसेश्वर ! हम दोनोंको विभीषणने पकड़ लिया था, किन्तु अमिततेजस्वी श्रीरामने जब देखा तो हमें मुक्त करवा दिये ॥

दशरथनन्दन श्रीराम, श्रीमान् लक्ष्मण , विभीषण एवं इन्द्रतुल्य पराक्रमी महातेजस्वी सुग्रीव ये चारों वीर लोकपालोंके समान पराक्रमी और सभी शस्त्रोंके ज्ञाता हैं। जहाँ ये चारों वीर एकत्र हो गये, वहाँ विजय भी निश्चित है। यदि सब वानर अलग भी रहे तो भी ये चार ही परकोटे एवं द्वारोंके साथ लङ्काको उखाड़ देंगे ॥

श्रीरामचन्द्रजीका जैसा रूप और अस्त्र-शस्त्र हैं, उससे तो यही मालूम होता है कि वे अकेले ही समूची लङ्कापुरीको समाप्त कर देंगे। वे तीनों वीर अलग ही क्यों न रहें ॥

श्रीराम, लक्ष्मण और सुग्रीवसे सुरक्षित वह वानरोंकी सेना समस्त देवताओं और असुरोंके लिये भी दुर्जय है ॥२६-३२॥

महात्मा वानरगण इस समय युद्धके लिये उत्सुक हो रहे हैं। उनकी सेनाके सभी योद्धा अत्यन्त प्रसन्न हैं। इसलिये उनके साथ विरोध करनेसे आपको कोई लाभ नहीं होगा। अतः सन्धि कीजिये और श्रीरामकी सेवामें सीताजीको लौटा दीजिये ॥३३॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके युद्धकाण्डमें पचीसवाँ सर्ग समाप्त ॥२५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षड्विंशः सर्गः

[रावणसमीपे सारणस्य पृथक्शो वानरयूथपतीनां परिचयदानम् ।]

तद्वचः सत्यमक्लीबं सारणेनाभिभाषितम् ।
निशम्य रावणो राजा प्रत्यभाषत सारणम् ॥१

यदि मामभियुञ्जीरन् देव-गन्धर्व-दानवाः ।
नैव सीतामहं दद्यां सर्वलोकभयादपि ॥२

त्वं तु सौम्य परित्रस्तो हरिभिः पीड़ितो भृशम् ।
प्रतिप्रदानमद्यैव सीतायाः साधु मन्यसे ॥३

को हि नाम सपत्नो मां समरे जेतुमर्हति ।
इत्युक्त्वा परुषं वाक्यं रावणो राक्षसाधिपः ॥४

आरुरोह ततः श्रीमान् प्रासादं हिमपाण्डुरम् ।
बहुतालसमुत्सेधं रावणोऽथ दिदृक्षया ॥५

ताभ्यां चराभ्यां सहितो रावणः क्रोधमूर्च्छितः ।
पश्यमानः समुद्रं तं पर्वतांश्च वनानि च ॥६

ददर्श पृथिवीदेशं सुसम्पूर्णं प्लवङ्गमैः ।
तदपारमसह्यञ्च वानराणां महाबलम् ॥७

आलोक्य रावणो राजा परिपप्रच्छ सारणम् ।
एषां के वानरा मुख्याः के शूराः के महाबलाः ॥८

के पूर्वमभिवर्तन्ते महोत्साहाः समन्ततः ।
केषां शृणोति सुग्रीवः के वा यूथपयूथपाः ॥९

सारणाचक्ष्व मे सर्वं किम्प्रभावाः प्लवङ्गमाः ।
सारणो राक्षसेन्द्रस्य वचनं परिपृच्छतः ॥१०

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

तदिति ॥१-४॥

बहुतालसमुत्सेधम् अनेकतालप्रमाणोन्नतम् । दिदृक्षया वानरबलदर्शनेच्छया ॥५॥

चराभ्यां चाराभ्याम् । पश्यमानः पश्यन् ॥६॥

वानराणां महाबलं च ददर्शेत्यन्वयः ॥७-८॥

केषां शृणोति वच इति शेषः ॥९॥

[सारणका रावणको अलग-अलग वानरयूथपतियोंका परिचय देना]

सारणके द्वारा कहे गये हितकारी एवं कायरतासे विहीन उस वचनको सुनकर राजा रावण उससे बोला ॥१॥

यदि सभी देवता, गन्धर्व और दानव भी मेरे ऊपर आक्रमण करें तो समस्त लोकोंके भयसे भी मैं सीताको नहीं दूँगा ॥२॥

हे सौम्य ! वानरोंसे पीडित होनेके कारण तुम अत्यन्त भयभीत हो गये हो, इसीलिये सीताको लौटा देना उचित मान रहे हो ॥

संसारमें कौन ऐसा शत्रु है, जो मुझे जीत सकता है। ऐसा कठोर वचन कहकर राक्षसराज रावण वानरोंकी सेनाको निरीक्षण करनेके लिये कइ तालप्रमाण ऊँची और बर्फके समान श्वेतवर्णकी अपनी अट्टालिकापर चढ़ा ॥३-५॥

क्रोधसे तमतमाते हुए रावणने अपने उन दोनों गुप्तचरोंके साथ जब समुद्र और वनोंको देखा तो उसे सारा प्रदेश वानरोंसे भरा हुआ दिखाई पड़ा ॥६॥

उस अपार असह्य और विशाल सेनाको देखकर रावणने सारणसे पूछा—सारण ! इन वानरोंमें कौन शूर है, कौन प्रधान और कौन महान् बलशाली है ? ॥७-८॥

कौन-कौन वानर महान् उत्साहवाले होकर युद्धमें आगे रहते हैं ? सुग्रीव किनकी बात सुनता है और कौन यूथपतियोंके भी यूथपति हैं ? ये सभी बातें हमें कहो और यह भी कहो कि उन वानरोंका प्रभाव किस प्रकारका है ? ॥

इस प्रकार पूछते हुए राक्षसराज रावणका वचन सुनकर सभी प्रधान वानरोंको जाननेवाले सारणने उन वानरोंके विषयमें कहना आरम्भ किया ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आबभाषेऽथ मुख्यज्ञो मुख्यांस्तत्र वनौकसः ।
एष योऽभिमुखो लङ्कां नर्दंस्तिष्ठति वानरः ॥११
यूथपानां सहस्रेण शतेन परिवारितः ।
यस्य घोषेण महता सप्राकारा सतोरणा ॥१२
लङ्का प्रतिहता सर्वा सशैलवनकानना ।
सर्वशाखामृगेन्द्रस्य सुग्रीवस्य महात्मनः ॥१३
बलाग्रे तिष्ठते वीरो नीलो नामैष यूथपः ।
बाहू प्रगृह्य यः पद्भ्यां महीं गच्छति वीर्य्यवान् ॥१४
लङ्कामभिमुखः कोपादभीक्ष्णञ्च विजृम्भते ।
गिरिश्रृङ्गप्रतीकाशः पद्मकिञ्जल्कसन्निभः ॥१५
स्फोटयत्यतिसंरब्धो लाङ्गूलञ्च पुनः पुनः ।
यस्य लाङ्गूलशब्देन स्वनन्ति प्रदिशो दश ॥१६
एष वानरराजेन सुग्रीवेणाभिषेचितः ।
युवराजोऽङ्गदो नाम त्वामाह्वयति संयुगे ॥१७
वालिनः सदृशः पुत्रः सुग्रीवस्य सदा प्रियः ।
राघवार्थे पराक्रान्तः शक्रार्थे वरुणो यथा ॥१८
एतस्य सा मतिः सर्वा यद् दृष्टा जनकात्मजा ।
हनूमता वेगमता राघवस्य हितैषिणा ॥१९
बहूनि वानरेन्द्राणामेष यूथानि वीर्य्यवान् ।
परिगृह्याभियाति त्वां स्वेनानीकेन मर्दितुम् ॥२०
अनुवालिसुतस्यापि बलेन महता वृतः ।
वीरस्तिष्ठति संग्रामे सेतुहेतुरयं नलः ॥२१

वचनम् उत्तरमावभाषे इत्यन्वयः ॥१०-११॥

सहस्रेण शतेन लक्षेणेत्यर्थः ॥१२॥

यूथपसंख्याया एव गणनम् । सुग्रीवस्य बलाग्रे च यस्तिष्ठति एष नील इत्यन्वयः ॥१३॥

अथांगदवर्णनं बाहू इति । प्रगृह्य उपगम्य पद्भ्यां महीं गच्छति । नरवदिति शेषः ॥१४-१६॥

अभिषेचितोऽभिषिक्तः ॥१७॥

पराक्रान्तः पराक्रमितुमुद्यतः ॥१८॥

यद्धनुमता जनकात्मजा दृष्टा सा सर्वा मतिरेतस्याङ्गदस्य मन्त्रमूलेति शेषः ॥१९॥

बहूनि यूथानि परिगृह्य स्वेनानीकेन त्वामभियाति ॥२०॥

वालिसुतस्यानु पश्चात् । सेतुहेतुः सेतुकर्ता ॥२१॥

हे महाराज ! यह जो लङ्काकी ओर मुख करके गर्जना करते हुए एक लाख वानरोंके साथ खड़ा है। जिसकी गर्जनाके शब्दसे द्वार, पर्वत और वनोंके साथ सम्पूर्ण लङ्का प्रतिहत होकर गूँज जाती है, इसका नाम नील है। समस्त वानरोंके राजा महात्मा सुग्रीवकी सेनाके आगे यही खड़ा होता है ॥

यह जो वानर दोनों बाहूको पकड़कर दोनों पाँवोंसे पृथ्वीपर घूम रहा है। लङ्काकी ओर मुख करके क्रोधपूर्वक बारंबार अङ्गड़ाई लेता है, जिसका शरीर पर्वतशिखरके समान है, जिसकी कान्ति कमल केशरके समान सुनहले रङ्गकी है, जो क्रोधसे बारंबार अपनी पूँछ पटक रहा है और जिसकी पूँछ पटकनेके शब्दसे दसों दिशाएँ गूञ्ज उठती है। यह सुग्रीवके द्वारा युवराज पदपर अभिषिक्त किया गया अङ्गद इस समय युद्ध करनेके लिये आपको ललकार रहा है ॥९-१७॥

वालीका यह पुत्र अपने पिताके समान ही पराक्रमी है और सुग्रीवका सदैव प्रिय है। जैसे वरुण, इन्द्रके लिये पराक्रम प्रकट करते हैं, उसी प्रकार यह श्रीरामचन्द्रजीके लिये अपना पराक्रम प्रकट करनेके लिये तैयार है ॥१८॥

श्रीरामचन्द्रजीके हित चाहनेवाले वेगशाली हनुमान यहाँ आकर जो जानकीका दर्शन किया, उसमें इसी अङ्गदकी बुद्धि कार्य कर रही थी ॥१९॥

पराक्रमी अङ्गद श्रेष्ठ वानरोंके बहुत-सा यूथ लिये अपनी सेनाके साथ आपको मर्दन करनेके लिये आ रहा है ॥२०॥

अङ्गदके पीछे युद्धस्थलमें जो वीर विशाल सेनासे घिरा हुआ खड़ा है, वह सागरमें पुल बनानेवाला नल है ॥२१॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ये तु विष्टभ्य गात्राणि क्ष्वेडयन्ति नदन्ति च ।
उत्थाय च विजृम्भन्ते क्रोधेन हरिपुङ्गवाः ॥२२
एते दुष्प्रसहा घोराश्चण्डाश्चण्डपराक्रमाः ।
अष्टौ शतसहस्राणि दशकोटिशतानि च ॥
य एनमनुगच्छन्ति वीराश्चन्दनवासिनः ॥२३
एषैवाशंसते लङ्कां स्वेनानीकेन मर्दितुम् ।
श्वेतो रजतसङ्काशश्चपलो भीमविक्रमः ॥२४
बुद्धिमान् वानरः शूरस्त्रिषु लोकेषु विश्रुतः ।
तूर्णं सुग्रीवमागम्य पुनर्गच्छति वानरः ॥२५
विभजन् वानरीं सेनामनीकानि प्रहर्षयन् ।

अथ श्वेतवर्णनम् । ये त्विति । गात्राणि विष्टभ्य क्ष्वेलां कुर्वन्ति एनं श्वेतम् । चन्दनवासिनः ॥२२॥

एषैव एष एव सन्धिरार्षः ॥२३॥

सुग्रीवमागम्य पुनर्गच्छतीत्यनेन रावणदर्शनसमये कार्यार्थं सुग्रीवसमीपमागत्य गतवानिति ज्ञायते ॥२४॥

यः पुरेत्यादिना कुमुदवर्णनम् । रम्यं रम्याख्यम् ॥२५॥

जो अपने अङ्गोंको स्थिर करके सिंहनाद करते और गर्जना करते हैं, जो वानरश्रेष्ठ अपने आसनोंसे उठकर क्रोधपूर्वक अङ्गराई लेते हैं, इनके वेगको सहना अत्यन्त कठिन है। ये महाभयंकर अत्यन्त क्रोधी तथा प्रचण्ड-पराक्रमी हैं। ये सभी दस अरब आठ लाख हैं। ये सभी वानर चन्दन वनमें निवास करनेवाले वीर वानर नलका ही अनुसरण करते हैं और यह नल अपनी सेनाके द्वारा लंकापुरीको मर्दन कर देना चाहता है ॥

यह जो चान्दीके समान श्वेतवर्णका चञ्चल वानर है, इसका नाम श्वेत है। यह भयंकर पराक्रमवाला, बुद्धिमान् वीर और तीनों लोकोंमें विख्यात है। यह बड़ी शीघ्रतासे सुग्रीवके समीप आकर पुनः लौट जाता है। यह वानर सेनाका विभाग करता हुआ उनको उत्साहित करता है ॥

यः पुरा गोमतीतीरे रम्यं पर्येति पर्वतम् ॥२६
नाम्ना संरोचनो नाम नानानगयुतो गिरिः ।
तत्र राज्यं प्रशास्त्येष कुमुदो नाम यूथपः ॥२७
योऽसौ शतसहस्राणि सहर्षं परिकर्षति ।
यस्य वाला बहुव्यामा दीर्घलाङ्गूलमाश्रिताः ॥२८
ताम्राः पीताः सिताः श्वेता प्रकीर्णा घोरदर्शनाः ।
अदीनो वानरश्चण्डः संग्राममभिकाङ्क्षति ॥
एषोऽप्याशंसते लङ्कां स्वेनानीकेन मर्दितुम् ॥२९
यस्त्वेष सिंहसङ्काशः कपिलो दीर्घकेशरः ।
निभृतः प्रेक्षते लङ्कां दिधक्षन्निव चक्षुषा ॥३०

अस्यैव संरोचन इति नामान्तरम् ॥२६॥

चण्डवर्णनम् । योऽसाविति ॥२७-२८॥

रंभवर्णनम् यस्त्विति । निभृत एकाग्र ॥२६-३१॥

जो पहले गोमतीके तीरपर नाना प्रकारके वृक्षोंसे युक्त रमणीय संरोचन पर्वतके चारों ओर विचरण करता था और वहीं अपने वानरराज्यका शासन करता था, वही यह कुमुदनामक यूथपति है ॥२२-२७॥

वह जो लाखों वानर सैनिकोंको सहर्ष अपने साथ खीचकर ला रहा है, जिसकी लम्बी पूंछमें बहुत बड़े-बड़े लाल, पीले, भूरे और सफेद रङ्गके और देखनेमें भयंकर बहुत वाल फैले हैं। जो कभी दीन न होकर सदा युद्धके लिये इच्छुक रहता है, उसका नाम चण्ड है। वह भी अपनी सेनाके द्वारा तुम्हें कुचलना चाहता है ॥२८-२९॥

हे राजन्! जो सिंहके समान पराक्रमी और कपिल-वर्णका है। जिसके गलेमें लम्बे-लम्बे वाल हैं, जो भस्मकर देनेके समान ध्यानपूर्वक लंकाकी ओर देख रहा है वह रम्भ नामक वानर है। वह सदा विन्ध्य, कृष्ण गिरि, सह्य और सुदर्शन आदि पर्वतोंपर निवास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विन्ध्यं कृष्णगिरिं सह्यं पर्वतञ्च सुदर्शनम् ।
राजन् सततमध्यास्ते स रम्भो नाम यूथपः ।
शतं शतसहस्राणां त्रिंशच्च हरिपुङ्गवा ॥३१
यं यान्तं वानरा घोराश्चण्डाश्चण्डपराक्रमाः ।
परिवार्यानुगच्छन्ति लङ्कां मर्दितुमोजसा ॥३२
यस्तु कर्णौ विवृणुते जृम्भते च पुनः पुनः ।
न तु संविजते मृत्योर्न च सेनां प्रधावति ॥३३
प्रकम्पते च रोषेण तिर्यक् च पुनरीक्षते ।
पश्य लाङ्गूलविक्षपं क्ष्वेड़त्येष महाबलः ॥३४
महाजवो वीतभयो रम्यं साल्वेयपर्वतम् ।
राजन् सततमध्यास्ते शरभो नाम यूथपः ॥३५

एतस्य बलिनः सर्वे विहारा नाम यूथपाः
राजन्‌छतसहस्राणि चत्वारिंशत्तथैव च ॥३६
यस्तु मेघ इवाकाशं महानावृत्य तिष्ठति ।
मध्ये वानरवीराणां सुराणामिव वासवः ॥३७
भेरीणामिव सन्नादो यस्यैष श्रूयते महान् ।
घोषः शाखामृगेन्द्राणां संग्राममभिकाङ्क्षताम् ॥३८
एष पर्वतमध्यास्ते पारियात्रमनुत्तमम् ।
युद्धे दुष्प्रसहो नित्यं पनसो नाम यूथपः ॥३९
एनं शतसहस्राणां शतार्धं पर्य्युपासते ।
यूथपा यूथपश्रेष्ठं येषां यूथानि भागशः ॥४०

यं यान्तमनुगच्छन्तीत्यन्वयः ॥३२॥

शरभवर्णनम् । यस्तु कर्णाविति । मृत्योर्न संविजते नोद्वेगं गच्छति तथा वरदानादिति शेषः । न च सेनामिति । किंत्वेक एव योद्धुमिच्छतित्यर्थः ॥३३-३४॥

महौजसा महता तेजसा ॥३५-३६॥

पनसवर्णनम् । यस्तु मेघ इत्यादिना ॥३७॥

भेरीणां नाद इव यस्य सन्नादः श्रूयत इति शेषः ॥३८-३९॥

एनं पनसं शतार्धं शतसहस्रसंख्यानां पञ्चाशल्लक्षसंख्यं यूथपाः पर्युपासते येषां यूथानि भागशः प्रत्येकं सन्तीति शेषः ॥४०॥

करता है। जब यह युद्धके लिये प्रस्थान करता है, तब इसके पीछे एक करोड़ श्रेष्ठ भयंकर, अत्यन्त क्रोधी और प्रचण्ड पराक्रमी वानर चलते हैं। वे सभी वानर लंकाको मर्दन कर देनेके लिये रम्भको घेरकर लंकाकी ओर ही आ रहें हैं ॥३०-३२॥

जो अपने कानोंको फैलाता है, बारंबार जम्माई लेता है, मृत्युसे भी नहीं डरता, सेनाके पीछे न रहकर सदा अकेले ही युद्ध करना चाहता है, क्रोधसे कांपता, तोरछे देखता और अपनी पूँछ फैलाकर सिंह गर्जन करता है, इसका नाम शरभ है। जरां देखिये, यह कैसी गर्जना करता है ॥३३-३४॥

हे राजन्! महावेगवान् निर्भय एवं यूथपति यह सदा रमणीय साल्वेय पर्वतपर निवास करता है ॥३५॥

इसके समीप जो बलवान् यूथपति हैं, उनका नाम विहार है और उनकी संख्या एक लाख चालीस हजार है ॥३६॥

यह जो विशाल वानर मेघके समान आकाशको घेर कर खड़ा है और वानरोंके बीचमें ऐसा जान पड़ता है, जैसे देवताओंके बीचमें इन्द्र हो। युद्धकी इच्छावाले वानरोंके बीचमें जिसकी गर्जना भेरियोंके तुमुल शब्दके समान होती है तथा जो युद्धस्थलमें अत्यन्त दुःसह है, वह प्रसिद्ध यूथपति पनस नामसे विख्यात है। अत्यन्त पवित्र पारियात्र पर्वतपर निवास करता है। इसके पास पचास लाख यूथपति हैं, जिनके अपने-अपने अलग-अलग यूथ हैं ॥३७-४०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यस्तु भीमां प्रवल्गन्तीं चमूं तिष्ठति शोभयन् ।
स्थितां तीरे समुद्रस्य द्वितीय इव सागरः ॥४१
एष दर्दुरसङ्काशो विनतो नाम यूथपः ।
पिबंश्चरति यो वेणां नदीनामुत्तमां नदीम् ॥४२
षष्टिः शतसहस्राणि बलमस्य प्लवङ्गमाः ।
त्वामाह्वयति युद्धाय क्रोधनो नाम वानरः ॥४३
विक्रान्ता बलवन्तश्च यथा यूथानि भागशः ।
यस्तु गैरिकवर्णाभं वपुः पुष्यति वानरः ॥४४
अवमत्य सदा सर्वान् वानरान् बलदर्पितः ।
गवयो नाम तेजस्वी त्वां क्रोधादभिवर्तते ॥४५
एनं शतसहस्राणि सप्ततिः पर्युपासते ।
एषैवाशंसते लङ्कां स्वेनानीकेन मर्दितुम् ॥४६
एते दुष्प्रसहा वीरा येषां संख्या न विद्यते ।
यूथपा यूथपश्रेष्ठास्तेषां यूथानि भागशः ॥४७

इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये युद्धकाण्डे षड्विंशः सर्गः ॥२६॥

विनतवर्णनं यस्तु भीमामिति ॥४१-४२॥

क्रथनवर्णनम् । त्वामाह्वयतीत्यादि ॥४३॥

विक्रान्ता बलवन्तश्च यस्य यूथपा इति शेषः । यथास्य यूथपास्तथैव तेषां भागशः प्रत्येकं यूथानि च सन्तीति शेषः ॥

गवयवर्णनम् । यस्तु गैरिकेत्यादि ॥४४-४६॥

येषां यूथपानां संख्या न विद्यते भागशः सन्तीति शेषः ॥४७॥

इति श्रीरामाभिरामे श्रीरामीये रामायणतिलके युद्धकाण्डे षड्विंशः सर्गः ॥२६॥

जो समुद्रके तीरपर स्थित इस उछलती हुई भयंकर सेनाको सुशोभित करता हुआ मूर्तिमान् दूसरे समुद्रके समान शोभा पा रहा है, वह दर्दुर पर्वतके समान विशाल शरीरवाला वानर विनत नामसे विख्यात है। वह श्रेष्ठ नदियोंका जल पीता हुआ विचरता है और उसके पास साठ लाख वानर हैं ॥

जो युद्धके लिये सदा आपको आह्वान करता है और जिसके समीप अनेक पराक्रमी यूथपति हैं, जिनके पास भी अलग-अलग यूथ है, वह क्रोधन नामसे प्रसिद्ध वानर है ॥

यह जो गेरुके समान लालवर्णके शरीरका पोषण करता है, उस तेजस्वी वानरका नाम गवय है। अपने बलके घमण्डवाला यह सदैव अन्य वानरोंका तिरस्कार करता है। क्रोधसे यह आपकी ओर आ रहा है। सत्तर लाख वानरों इसकी सेवा करते हैं और यह भी अपनी सेनाके द्वारा लंकाको मर्दन करनेकी इच्छा रखता है ॥४१-४६॥

ये सभी वानर दुःसह वीर हैं, इनकी गणना करना असम्भव है। यूथपतियोंके प्रधान जो यूथप है, उनके पृथक्-पृथक् यूथ हैं ॥४७॥

इस प्रकार महर्षिवाल्मीकिनिर्मित श्रीमद्रामायण आदिकाव्यके युद्धकाण्डमें छब्बीसवाँ सर्ग समाप्त ॥२६॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तविंशः सर्गः

[वानरसेनानां मध्ये प्रधान-यूथपतीनां परिचयदानम् ।]

तांस्तु ते सम्प्रवक्ष्यामि प्रेक्षमाणस्य यूथपान् ।
राघवार्थे पराक्रान्ता ये न रक्षन्ति जीवितम् ॥१
स्निग्धा यस्य बहुव्यामा दीर्घलाङ्गूलमाश्रिताः ।
ताम्राः पीताः सिताः श्वेताः प्रकीर्णा घोरकर्मणः ॥२
प्रगृहीताः प्रकाशन्ते सूर्यस्येव मरीचयः ।
पृथिव्यां चानुकृष्यन्ते हरो नामैष वानरः ॥३
यं पृष्ठतोऽनुगच्छन्ति शतशोऽथ सहस्रशः ।
वृक्षानुद्यम्य सहसा लङ्कारोहणतत्पराः ॥४
यूथपा हरिराजस्य किंकराः समुपस्थिताः ।
नीलानिव महामेघांस्तिष्ठतो यांस्तु पश्यसि ॥५
असिताञ्जनसङ्काशान् युद्धे सत्यपराक्रमान् ।
असंख्येयाननिर्देशान् परं पारमिवोदधेः ॥६
पर्वतेषु च ये केचिद् विषयेषु नदीषु च ।
एते त्वामभिवर्तन्ते राजन्नृक्षाः सुदारुणाः ॥७
एषां मध्ये स्थितो राजन् भीमाक्षो भीमदर्शनः ।
पर्जन्य इव जीमूतैः समन्तात् परिवारितः ॥८
ऋक्षवन्तं गिरिश्रेष्ठमध्यास्ते नर्मदां पिबन् ।
सर्वर्क्षाणामधिपतिर्धूम्रो नामैष यूथपः ॥९

॥ श्रीरामायणतिलकटीका ॥

तानिति । ये जीविते न रक्षन्ति ॥१॥

स्निग्धा इत्यादि हरवर्णनमिति कतकः । तारस्येत्यन्ये । बहुव्यामाः यस्य लांगूलाश्रिता वाला बहुव्यामत्वादिगुणकाः ॥२॥

प्रगृहीता उत्क्षिप्ताः एष हरो नामेत्यन्वयः । हरो गोलांगुलजातिः ॥३-४॥

धूम्रवर्णनम् । नीलानित्यादि ॥५॥

अनिर्देशान् अशक्यनामगणनान् परं पारमिव परपारस्थरेणूनिव ॥६-९॥

[वानरसेनाके प्रधान यूथपतियोंका परिचय]

हे राक्षसेश्वर ! आप वानरसेनाका निरीक्षण कर रहे हैं, इसलिये मैं उन यूथपतियोंका परिचय दे रहा हूँ, जो श्रीरामचन्द्रजीके लिये पराक्रम प्रकट करनेके लिये उद्यत और अपने जीवनको भी न्योछावर करनेके लिये तैयार है ॥१॥

इस ओर यह हर नामक वानर है। भयंकर कार्य करनेवाले इस वानर की लम्बी पूंछपर लाल, पीले, भूरे एवं श्वेत रङ्ग बड़े-बड़े चिकने रोम हैं। यह रोम उठे हुए होनेके कारण सूर्यकी किरणोंके समान चमक रहे हैं और चलते समय पृथ्वीपर लोटते रहते हैं। इनके पीछे अनुचरके रूपमें सैकड़ों, हजारों यूथपति उपस्थित हो वृक्षोंको उठाये हुए सहसा लंकापर आक्रमण करनेके लिये आ रहे हैं ॥२-४॥

उधर नील महामेघ और अञ्जनके समान काले रङ्गके जिन ऋक्षोंको खड़े आप देखते हैं। वे युद्धमें सत्यपराक्रम प्रकट करनेवाले हैं। समुद्रके दूसरे तीरपर स्थित वालुके कणोंके समान इनकी गणना नहीं की जा सकती। अतएव अलग-अलग नाम लेकर इनके विषयमें कुछ भी कहना असम्भव है। ये सभी पर्वतोंके अनेक देशों और नदियोंके तीरोंपर निवास करते हैं। हे राजन् ! ये अत्यन्त भयंकर सभी ऋक्ष आपकी ओर चले आ रहे हैं। इनके बीचमें भयंकर आंखोंवाला एवं देखनेमें महाभयंकर इनका राजा खड़ा है। वह काले मेघोंसे घिरे हुए इन्द्रके समान चारों ओरसे इन ऋक्षों द्वारा घिरा है। इसका नाम धूम्र है। यह समस्त ऋक्षोंका राजा और यूथपति भी है। यह धूम्र ऋक्षवान् पर्वतपर निवास करता है और नर्मदाका जल पीता है ॥५-९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यवीयानस्य तु भ्राता पश्यैनं पर्वतोपमम् ।
भ्रात्रा समानो रूपेण विशिष्टस्तु पराक्रमे ॥१०
स एष जाम्बवान् नाम महायूथप-यूथपः ।
प्रशान्तो गुरुवर्ती च सम्प्रहारेष्वमर्षणः ॥११
एतेन साह्यन्तु महत् कृतं शक्रस्य धीमता ।
देवासुरे जाम्बवता लब्धाश्च बहवो वरा ॥१२
आरुह्य पर्वताग्रेभ्यो महाभ्रविपुलाः शिलाः ।
मुञ्चन्ति विपुलाकारा न मृत्योरुद्विजन्ति च ॥१३
राक्षसानाञ्च सदृशाः पिशाचानाञ्च रोमशाः ।
एतस्य सैन्या बहवो विचरन्त्यमितौजसः ॥१४

अथ जाम्बवद्वर्णनं यवीयानिति । अस्य धूम्रस्य कनिष्ठ इत्यर्थः । यो भ्रात्रा समान इत्यन्वयः ॥१०॥

गुरुवर्ती सद्गुरूपासकः । अनेन सर्वसिद्धिमत्त्वमुक्तम् ॥११॥

साह्यं साहाय्यम् । देवासुरे युद्धे इति वैर इति वा शेषः ॥१२

अथ तत्सैन्यवर्णनं आरुह्येति ॥१३॥

रोमशा अधिकरोमवन्तः । रक्षःपिशाचसादृश्यं क्रौर्येण ॥१४॥

यह देखिये धूम्रके छोटे भाई पर्वतके समान शरीरवाले, शान्त स्वभाव बड़े भाई एवं गुरुजनोंकी आज्ञाके अधीन रहनेवाले और ये रूपमें अपने भाईके समान होनेपर भी पराक्रममें उससे भी बढ़कर है। इनका नाम जाम्बवान् है। युद्धके समयपर इनका रोष और अमर्ष बहुत बढ़ जाता है ॥१०-११॥

इन बुद्धिमान् जाम्बवान्ने देवासुर संग्राममें इन्द्रकी बड़ी भारी सहायता की थी और उनसे इनके अनेक वर मिले थे ॥१२॥

इनके बहुत-से सैनिक विचरते हैं, जिनके बल पराक्रमकी कोई सीमा नहीं है। इन सबके शरीर बड़ी-बड़ी रोमावलियोंसे भरे हुए हैं। ये राक्षसों और पिशाचोंके समान क्रूर हैं और बड़े-बड़े पर्वत शिखरोंपर चढ़कर वहाँसे महान् मेघोंके समान विशाल एवं विस्तृत शिलाखण्ड शत्रुओंपर छोड़ते हैं। इन्हें मृत्युसे कभी भय नहीं होता ॥१३-१४॥

य एनमभिसंरब्धं प्लवमानमवस्थितम् ।
प्रेक्षन्ते वानराः सर्व्वे स्थिता यूथपयूथपम् ॥१५
एष राजन् सहस्राक्षं पर्युपास्ते हरीश्वरः ।
बलेन बलसंयुक्तो दम्भो नामैष यूथपः ॥१६
यः स्थितं योजने शैलं गच्छन् पार्श्वेन सेवते ।
ऊर्ध्वं तथैव कायेन गतः प्राप्नोति योजनम् ॥१७
यस्मात्तु परमं रूपं चतुष्पात्सु न विद्यते ।
श्रुतः सन्नादनो नाम वानराणां पितामहः ॥१८
येन युद्धं तदा दत्तं रणे शक्रस्य धीमता ।
पराजयश्च न प्राप्तः सोऽयं यूथपयूथपः ॥१९

दंभवर्णनम् । य एनमिति । प्लवमानं लीलार्थमिति शेषः । स्थितं लीलार्थमेव पुनः स्थितम् ॥१५-१६॥

सन्नादनवर्णनं यः स्थितमिति । यो योजने स्थितं शैलं पार्श्वेन सेवते । एतेन योजनव्यायामदेह इत्युक्तम् । ऊर्ध्वमपि योजनं कायेन कायप्रमाणेन गतो व्याप्तः सन्नूर्ध्ववर्तिपदार्थं प्राप्नोति स्पृशति ॥१७-१९॥

जो खेल-खेलमें ही कभी उछलता और कभी खड़ा होता है, वहाँ खड़े वानर जिसकी ओर आश्चर्यसे देख रहे हैं, जो यूथपतियोंका भी यूथपति है और रोषपूर्ण दिखाई देता है, यह दम्भ नामसे विख्यात यूथपति है, इसके पास विशाल सेना है। हे राजन्! वानरराज दम्भ अपनी सेनासे इन्द्रकी उपासना करता है ॥१५ १६॥

जो चलते समय एक योजनकी दूरीमें स्थित पर्वतको अपने पार्श्वभागसे स्पर्शकर लेता है और एक योजन ऊँचे तककी वस्तुको अपने शरीरसे ही जाकर ग्रहणकर लेता है और चार पाँववाले जन्तुओंमें जिससे बड़ा रूप नहीं है वह संनादन नामसे प्रसिद्ध वानर है। उसे वानरोंका पितामह कहते हैं। उस बुद्धिमान वानरने किसी समय इन्द्रको भी अपने साथ युद्धका अवसर दिया था, किन्तु उनसे परास्त नहीं हुआ, वही यह यूथपतियोंका भी यूथपति है ॥१७-१९॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीरामनाममाहात्म्यम्

श्रीश्रीठाकुर सीतारामदासोङ्कारनाथः

श्रीगणेश आह,—अहं श्रीमद्रामनाम्न उत्तमरूपेण कीर्त्तनाज्जगति पूजनीयोऽभवम्, तेन सर्वदा श्रीरामनामकीर्त्तनं कर्त्तव्यम्।

जगदीश्वरः माधवश्च पूर्वं मामाहुः,—रामनाम श्रेष्ठं ध्येयं, ज्ञेयं दिवानिशं पेयञ्चेति।

मानवा यमालये तावदेव यातनां भुञ्जीरन्, यावत् कालं प्रेम्णा सह परात् परं रामनाम न भजन्ति।

साधवः प्रतिदिनं श्रीमद्रामनामैव समस्तावताराणां परमाश्रयजनकमिति कथयन्ति।

नृसिंहपुराणे—

रामनामरता नारी सुतं सौभाग्यमीप्सितम्।
भर्त्तुः प्रियत्वं लभते न वैधव्यं कदाचन॥
पतिव्रतानां सर्वासां रामनामनुकीर्त्तनम्।
ऐहिकामुष्मिकसौख्यदायकं सर्वशो मुने॥

तत्रैव केदारखण्डे—

रामनामजपतां कुतो भयं
सर्वतापशमनैकभेषजम्।
पश्य तात मम गात्रसंगतः
पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना॥

बृहद्विष्णुपुराणे—

राम-रामेति यो नित्यं मधुरं जपति क्षणम्।
सर्वसिद्धिं समाप्नोति रामनामानुभावतः॥

बृहन्नारदीयपुराणे—

स्मरणात् कीर्त्तनाच्चैव श्रवणाल्लेखनादपि।
दर्शनाद्धारणादेव रामनामाखिलेष्टदम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Regd. No. C-434
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Magh 1375 B.S. SANATAN-SHASTRAM January—February 1969

श्रीरामनाममाहात्म्यम्

श्रीश्रीठाकुर सीतारामदासोङ्कारनाथः

रामनामानुरागवती रमणी पुत्रं, वाञ्छित-सौभाग्यं, पत्युः प्रियत्वञ्च लभते, कदापि न विधवा भवति।

हे मुने! समस्तपतिव्रतानां सुष्ठुतया रामनामानुकीर्त्तनम् इहलोके परलोके च निरन्तर-मविच्छिन्नभावेन सुखदायकम्।

सर्वतापशमनैकभेषज - रामनामजपकारिणः कुतो भयम्! हे पितः! त्वं पश्य—मम गात्रसंलग्न—वह्निरपि सलिलवत् शैत्यं ददाति।

यो जनः क्षणकालमपि 'राम' 'रामे'ति मधुरं नाम कीर्त्तयति, रामनाम्नः प्रभावेन स सर्वसिद्धीः (अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्तिः, प्राकाम्यम्, ईशित्वम्, वशित्वम्, कामावसायित्वञ्च) अन्यान्याः सिद्धी अपि सम्यक्तया लभते।

रामनाम्नः स्मरणं, कीर्त्तनं, श्रवणं, लिखनं, दर्शनं, धारणं वेति करणेन रामनाम इहलोके परलोके च निखिलेप्सितं प्रददाति।

मित्रद्रोही कृतघ्नश्च स्तेयी विश्वासघातकः।
दुहित्रा संगमी दुष्टो भ्रातृपत्नीरतस्तथा॥
विप्रदाररतो यस्तु विप्रवित्तापहारकः।
परापवादकारी च बालघाती च वृद्धहा॥
स्त्रीजनानाञ्च संघाती हिंसकः सर्वदेहीनाम्।
मातृगामी गुरुद्रोही रामानाम्ना विशुध्यति॥
महाचिन्तातुरो यस्तु महाव्याधिसमाकुलः।
ज्वरापस्मारकुष्ठादि महारोगैः प्रपीड़ितः॥
महोत्पात-महारिष्ट-महाक्रूरग्रहार्दितः।
महाशोकाग्निसन्तप्तः सर्वलोकैस्तिरस्कृतः॥
महानिन्द्यो निरालम्बो महादुर्भाग्यदुःखितः।
महादरिद्री सन्तापी सुखी स्याद् रामकीर्त्तनात्॥
काम-क्रोधातुरः पापी लोभ-मोह-मदोद्धतः।
राग-द्वेषादिभिर्दग्धो महादुर्वासनावृतः॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Entered in Database

Signature with Date

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar